खबर संक्षेप

## छत्तीसगढ़ के मजदूरों को मजदूरी दिला कर वापस घर भेजा गया

**मैहर।** मैहर एवं सतना में छत्तीसगढ़ से आए सात मजदूरों से बोरवेल में काम कराया जा रहा था एवं भुगतान नहीं किया जा रहा था, सूचना मिलने पर मैहर और सतना कलेक्टर ने तत्परता दिखाते हुए बोरवेल कंपनी पर कार्रवाई कर सभी मजदूरों को भुगतान कराया और उन्हें सकुशल उनके ग्राम भेजा गया। प्राप्त जानकारी में सहायक श्रमायुक्त रीवा संभाग ने बताया कि जिला प्रशासन मैहर को जिला कांकेर (छत्तीसगढ़) कलेक्टर के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मैहर जिला के दुर्गा बोरवेल्स में कांकेर जिले के 7 श्रमिक कार्यरत हैं,जिनकी मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। प्रभारी श्रम पदाधिकारी मैहर के द्वारा उनमें से एक श्रमिक अर्जुन राम नेताम से फोन पर संपर्क कर इस बारे में जानकारी ली गई। दुर्गा बोरवेल्स में बोरिंग के कार्य में संलग्न थे सभी मजदूर बताया गया है कि सभी 7 श्रमिक तहसील रामपुर बाघेलान अंतर्गत ग्राम चोरमारी के निकट दुर्गा बोरवेल्स में बोरिंग के कार्य में संलग्न थे। प्रभारी श्रम पदाधिकारी मैहर के द्वारा प्रभारी सहायक श्रमायुक्त सतना को सूचना से अवगत कराया गया जिस पर कलेक्टर मैहर रानी बाटड एवं कलेक्टर सतना डॉ.सतीश कुमार एस के मार्गदर्शन में दोनों जिले के श्रम विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को अवगत कराते हुए ग्राम चोर मारी पहुंचकर छत्तीसगढ़ के 7 श्रमिकों के प्रकरण दर्ज किये गये इसके बाद छत्तीसगढ निवासी सभी 7 श्रमिकों को तहसील कार्यालय रामपुर बाघेलान लाया गया। तहसील कार्यालय में ही बोरवेल के संचालक ब्रजेश पटेल को सभी दस्तावेजों के साथ बुलाया गया। सभी श्रमिकों की बकाया मजदूरी की गणना कर 2 लाख 80 हजार रुपये का तत्काल भुगतान श्रमिकों को कराया गया। सभी श्रमिकों को रात्रि 10:30 बजे श्रम विभाग के संयुक्त दल द्वारा सतना लाकर भोजन कराने के उपरान्त 17 अप्रैल को रीवा-बिलासपुर ट्रेन से उनके गृह ग्राम सुरक्षित भेजा गया।

### बदेरा सर्किल की जनता तरस रही बूंद बूंद पानी को

**मैहर।** मैहर जिला के बदेरा सर्कल में कल से लाइट नहीं है सारे काम बिजली से होने के बावजूद गांव की जनता परेशान है।ग्रामीणों ने बताया है कि एक तो पहाड़ क्षेत्र में सबसे ज्यादा पानी की समस्या ऊपर से लाइट की समस्या,यहां बूंद बूंद पानी के लिए लोग तरस रहे हैं फिर भी ना कोई अधिकारी देखने सुनने वाला है ना कोई शासन प्रशासन ध्यान दे रहा है। सरकार की कई योजनाएं संचालित होने के बावजूद पहाड़ क्षेत्र में सबसे ज्यादा पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। इस क्षेत्र में चाहे रोड हो लाइट,पानी,शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग,पंचायत विभाग कोई देखने सुनने वाला नहीं है। जिला कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए ग्रामीणों के द्वारा फरियाद की जा रही है कि एक बार पहाड़ क्षेत्र का दौरा करें और गांव की परेशानियों को देखें की गांव में कितनी सारी परेशानियां है जिससे ग्रामीण परेशान है।

## विधायक ने शिक्षकों की समस्याओं का लिया संज्ञान

**प्रतिनिधि मंडल ने बताई समस्या**

**मैहर।** चंडी देवी मंदिर मैहर में क्रमोन्नति वेतन की कटौती एवं डीए एरियर की विसंगति के संबंध में आवश्यक बैठक अशोक तिवारी की उपस्थिति में ली गई जिसमें उपरोक्त समस्याओं पर चर्चा उपरांत प्रतिनिधि मंडल विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी के कार्यालय पहुंचकर मैहर में शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराया गया। शिक्षकों की समस्यायों को सुनकर विधायक के द्वारा शिक्षा विभाग में शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए आगामी 24 अप्रैल को विभागीय बैठक आयोजित कर शिक्षक संगठन के प्रतिनिधियों को बुलाकर समस्याओं के समाधान की बात कही गई।

### सतना नदी के पास आधी रात युवक पर कातिलाना हमला

# बाइक पर सवार थे तीन हमलावर, पहले मैहर बायपास पेट्रोल पंप में की थी गुंडागर्दी

**सतना।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के सतना नदी के पास आधी रात मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों ने बाइक सवार एक युवक पर कातिलाना हमला किया और फरार हो गए। युवक के सर पर गंभीर चोट आई है उसे इलाज के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घायल की शिकायत पर हमला वालों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है घटना की जांच की जा रही है।अस्पताल पहुंचे घायल के साथियों ने बताया कि शनिवार और इतवार की दरमियानी रात मैहर बायपास मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप पर तीन युवक पहुंचे थे जिन्होंने पेट्रोल पंप में दादागिरी की थी। घटना की सूचना मिलने के बाद हम लोग मौके पर पहुंचे और सीसीटीवी कैमरे में देखा लेकिन उसमें स्पष्ट कुछ भी नजर नहीं आ रहा था। उस वक्त रात के लगभग एक बज चुके थे। एक युवक ने बताया कि हम लोग चाय पीने के लिए सतना नदी के तट पर स्थित ढाबा पहुंच गए। ढाबा से लौटते समय तीन युवक बाइक पर सवार दिखे तभी हम लोगों ने उनकी बाइक के बगल से अपनी बाइक लगाकर और चलते-चलते हम लोग उनसे बात कर रहे थे और हम लोगों ने पूछा कि तुम लोग कहां से आ रहे हो। बताया जाता है की बाइक में सवार तीन युवकों में एक युवक जो बीच में बैठा था उसने हाथ में पत्थर ले रखा था। जब हम लोगों ने पत्थर की बात पूछी तभी बाइक पर सबसे पीछे बैठे एक युवक ने अपने शरीर से छुपा कर रखा एक गड़ासा निकाला और हमारी बाइक में पीछे बैठे इरफान खान पर सर पर हमला कर दिया जिससे इरफान घायल हो गया और उसके बाद युवक वहां से फरार हो गए। हम लोगों ने तत्काल घायल इरफान को अस्पताल पहुंचाया और उसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।



### अमरपाटन और उचेहरा मार्ग पर सक्रिय रहते हैं बदमाश

सूत्र बताते हैं तो वर्तमान समय में हथियारबंद बदमाश उचेहरा रोड और अमरपाटन रोड पर सक्रिय रहते हैं।यह लोग आने जाने वालों से लूटपाट करते हैं और लूटपाट में असफल होने पर जानलेवा हमला करके फरार हो जाते हैं। बताते हैं कि आजकल बदमाशों ने अपना एक नया अड्डा बना रखा है। यह लोग सतना मैहर नवनिर्मित बायपास मार्ग के पहले जहां पर टीन का शेड बनाया गया है,वहां पर भी मौजूद रहते हैं और लूटपाट की घटना को अंजाम देते हैं। अधिकांश मामलों में लोग थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराते हैं जिसकी वजह से बदमाशों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं।

# मरीज को बाइक में बैठाकर अस्पताल के भीतर घुस गया युवक

### सुरक्षा कर्मियों ने नहीं की रोक-टोक, चौकी पुलिस भी बेखबर

**सतना।** एम्बुलेंस,खून की तस्करी और मरीज को सरकारी अस्पताल से निजी अस्पताल में ले जाने वाले दलालों के बीच आजकल यहां सरदार वल्लभभाई पटेल में सब कुछ मनमानी तरीके से चल रहा है। एक अजीबोगरीब मामला उस वक्त देखने को मिला जब यहां पर स्ट्रेचर होने के बावजूद एक युवक मरीज को मोटरसाइकिल में लेकर आया और मोटरसाइकिल में मरीज को लेकर ओपीडी तक चला गया।महत्वपूर्ण बात तो यह रही कि इस वक्त यहां पर मौजूद सुरक्षा कर्मचारियों ने कोई टोका टाकी नहीं की। उधर अस्पताल की नाक के नीचे मौजूद पुलिस चौकी के पुलिसकर्मी भी इस घटना से अनजान रहे। मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात एक युवक तेज मोटरसाइकिल चलाते हुए अस्पताल पहुंचा। उसने अपनी बाइक पर एक मरीज को बैठा रखा था। बताया जाता है कि मरीज को स्ट्रेचर में ले जाने के लिए मौके पर स्ट्रेचर मौजूद थी। लेकिन उस युवक ने स्ट्रेचर की अनदेखी करते हुए बाइक में बैठकर मरीज को अस्पताल के भीतर बाइक समेत ले गया। इसके बाद उसके साथियों ने मरीज को वार्ड तक पहुंचाया और बाद में युवक बाइक लेकर ओपीडी से बाहर आ गया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी इस तरह की घटनाएं यहां पर हो चुकी हैं लेकिन सुरक्षा कर्मियों द्वारा ध्यान नहीं देने की वजह से घटना पर लगाम नहीं लग पा रही है।



### चौकी पुलिस पर सवाल

अस्पताल के कुछ कर्मचारी कहते हैं कि अस्पताल में पुलिस की चौकी है लेकिन वह केवल सूचना संकलन का केंद्र बनी हुई है। बता दे कि पुलिस वाले यहां पर असामाजिक तत्वों पर नजर नहीं रखते हैं जिसकी वजह से आजकल हालत काफी बिगड़े हुए हैं। ऐसी स्थिति में कभी भी कोई बड़ी वारदात भी हो सकती है। बताया जाता है कि आपराधिक किस्म के लोग आजकल दलाली कर रहे हैं। यह लोग सरकारी अस्पताल से मरीजों को बरगलाकर निजी अस्पताल ले जाते हैं। जहां से उन्हें मोटी रकम भी मिलती है। इसी प्रकार खून की तस्करी करने वाले भी लोग यहां पर मौजूद रहते हैं। ऐसे लोगों के कारण दूरदराज से आने वाले गांव के लोग परेशान हो रहे हैं।

# मझगवां के पापड़ चुआ बेड़ा पहाड़ में भड़की आग, पेड़-पौधे जले

### वन विभाग और ग्रामीणों ने फायर ब्लोअर से पाया काबू

सतना।



रविवार की दोपहर वन परिक्षेत्र मझगवां के पापड़चुआ स्थित बेड़ा पहाड़ में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। वन अमला और स्थानीय ग्रामीणों ने मिलकर आग बुझाने का काम शुरू किया। फायर ब्लोअर की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि, इससे पहले कई पेड़-पौधे जलकर नष्ट हो गए। फायर ब्लोअर के साथ वन अमले को घटना स्थल पर भेजा। मझगवां रेंज के प्रभारी रेंजर विवेक सिंह के अनुसार,दोपहर में जंगल में आग लगने की सूचना मिली। उन्होंने तत्काल फायर ब्लोअर के साथ वन अमले को घटनास्थल पर भेजा। सभी के संयुक्त प्रयास से आग को बुझाया गया। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। आशंका जताई जा रही है कि किसी व्यक्ति द्वारा जंगल में ज्वलनशील पदार्थ फेंकने से सूखी टहनियों में आग ने विकराल रूप ले लिया।

### नाराज ग्रामीणों ने हाइवा को किया आग के हवाले

# मैहर में हाइवा-कार की टक्कर, दो घायल






सतना

मैहर जिले में एक सड़क दुर्घटना के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। अमरपाटन थाना क्षेत्र के बरेंह गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-7 पर शनिवार रात साढ़े 12 बजे हाइवा और कार की सीधी टक्कर हो गई। हादसे में कार में सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को तत्काल डायल 100 की मदद से अमरपाटन सिविल अस्पताल ले जाया गया। एक घायल की स्थिति गंभीर होने के कारण उसे रात में ही संजय गांधी अस्पताल रीवा रेफर कर दिया गया।

### ग्रामीणों ने हाइवा में आग लगाई

घटना के बाद नाराज ग्रामीणों ने हाइवा में आग लगा दी। सूचना मिलते ही अमरपाटन थाना प्रभारी केपी त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। उन्होंने फायर ब्रिगेड को सूचित किया,लेकिन दमकल वाहन नहीं पहुंच सका। इस पर पुलिस बल ने बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। तब तक हाइवा पूरी तरह जल चुका था। टीआई केपी त्रिपाठी ने बताया कि बरेंह गांव में पांडेय परिवार के यहां बारात आई हुई थी। कार से पंडित जी को उनके घर छोड़ने जा रहे थे। कार गांव की रोड से हाईवे पर जैसे ही मुड़ी, सामने से आ रहे हाइवा से टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार 2 लोग घायल हुए हैं जिन्हें संजय गांधी अस्पताल रीवा में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद नाराज ग्रामीणों ने जिनमें बाराती भी शामिल थे, हाइवा में आग लगा दी। पत्थर से लोड हाइवा बीडीएस कंपनी में अटैच है। इस पूरे मामले की जांच की जा रही है। नाइट पेट्रोलिंग के दौरान एसपी सुधीर अग्रवाल भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

# सीवर प्रोजेक्ट के कारण नगर में बन गए मौत के गड्ढे

### सुरक्षा मानकों की अनदेखी से आए दिन हो रही है मौतें

**मैहर।** मैहर नगरपालिका क्षेत्र में इन दिनों सीवर प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य जोर शोर से किया जा रहा है नगर में हर तरफ सीवर लाइन बिछाने के लिए गड्ढा खोदा जा रहा है जिसकी वजह से आए दिन कोई न कोई हादसा हो रहा है। ऐसी ही एक घटना में बीती रात मैहर के पुरानी बस्ती में सीवर लाइन के चेंबर बनने के लिए गड्ढा खोदा गया था। वहीं पास से निकल रहे गौवंश का पैर फिसले से मुंह के बल गड्ढे में गिर गया।रात भर फंसे रहने एवं गर्दन मुड़ने की वजह से दर्द नाक मौत हो गई। जिसके बाद सुबह आस पास के लोगों ने देखा जिसकी सूचना मैहर नगर पालिका को दी इस दौरान लोगों की भीड़ इकठ्ठा हो गई। मौके पर पहुंचे सीवर प्रोजेक्ट के सुपरवाइजर ने क्रेन की मदद से गौवंश को बाहर निकाला एवं अंतिम सस्कार के लिए ले जाया गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सीवर प्रोजेक्ट का काम कर रही गुजरात की एल सी इंफ्रा कंपनी के द्वारा सुरक्षा माप डंडों का पालन नहीं किए जाने से दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है अभी कुछ दिनों पहले इसी कंपनी की साइड हरनामपुर में कार्य के दौरान ऊपर समान लोहे का पाइप गिरने से सुपरवाइजर की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद लोगों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों का आरोप है कि कंपनी कर्मचारी द्वारा समय पर गड्ढा भर दिया जाता तो इस गौवंश की मौत नहीं होती।



### सुरक्षा मानकों की धज्जियां: प्रभात

मैहर नगर में सीवर लाइन प्रोजेक्ट इन दिनों विकास से ज्यादा लोगों की जिंदगी पर खतरे में डालने के रूप में सामने आ रहा है। एक ओर जहां प्रशासन इसे आधुनिकता की दिशा में बड़ा कदम बता रहा है वहीं दूसरी ओर सुरक्षा मानकों की धज्जियां उड़ाकर लोगों की जान जोखिम में डाली जा रही है।

## प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड का प्रिज्म चैंपियन सितारे कार्यक्रम आयोजित

सतना



प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा छतरपुर कार्यालय में चैंपियन सितारे मीट का सफल आयोजन किया गया।आयोजित कार्यक्रम में छतरपुर ब्रांच के अंतर्गत आने वाली विभिन्न तहसीलों से चयनित विशिष्ट ठेकेदार बंधुओं को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व ब्रांच के तकनीकी प्रबंधक इंजीनियर लोकेश गुप्ता ने किया,जिन्होंने प्रिज्म चैंपियन सितारे जैसी नवीन एवं अनूठी पहल की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस योजना से जुड़ी सुविधाओं और ठेकेदारों को मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी दी।आयोजित कार्यक्रम में सभी चैंपियन सितारे ठेकेदारों को फूल-माला,मेडल,विजिटिंग कार्ड एवं पहचान पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम में उपस्थित ठेकेदारों ने प्रिज्म सीमेंट के साथ अपने अनुभव साझा किये और विशेष रूप से आल वेदर सीमेंट,के बारे में जानकारी दी गई। सपने सितारे योजना, दुर्घटना बीमा, छात्रवृत्ति योजना जैसी पहलों की सराहना की साथ ही तकनीकी अभियंताओं कि सेवाओं की खुले दिल से प्रशंसा की गई। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को स्मृति उपहार भेंट किये गये एवं दोपहर को सुरूचि भोज की व्यवस्था की गई। आयोजित कार्यक्रम में सौरभ श्रीवास्तव ब्रांच मैनेजर,इंद्रपाल नायक सेल्स प्रमोटर के अलावा तकनीकी और सेल्स टीम की सक्रिय सहभागिता रही। आयोजन को सफल बनाने में प्रिज्म सीमेंट छतरपुर ब्रांच की तकनीकी एवं सेल्स टीम का योगदान सराहनीय रहा। उपरोक्त आशय की जानकारी प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम सीएसआर एण्ड जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने दी।

# संगठन को मजबूत करने के लिए समाज का शिक्षित होना जरूरी: सोनी

### अनुसूचित जाति जनजाति धार्मिक अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग महासभा

**मैहर।** अनुसूचित जाति जनजाति धार्मिक अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग महासभा के संयुक्त तत्वावधान में बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती पखवाड़ा में आज कटनी रोड स्थित ब्लॉक कार्यालय के सामने मैहर गार्डन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामखेलावन कोल जिला पंचायत अध्यक्ष सतना रहे जब कि अध्यक्षता जगदीश सिंह ने की वहीं विशिष्ट अतिथि देवदत्त सोनी संयोजक एससीएसटी/ओबीसी महासभा एवं सदस्य जिला पंचायत सतना उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने बारी-बारी से बाबा साहब के जीवन,उनके योगदान एवं आज की सामाजिक परिस्थितियों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संयोजक देवदत्त सोनी ने अपने वक्तव्य में समाज की एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि सभी से भाईचारा बनाने का कार्य करे। सभी युवा समाज में बाबा साहब बिरसा मुंडा,महात्मा ज्योतिबा फुले के संघर्षों को बताएं एवं आने वाले समय में महापुरुषों की जयंती गांव गांव मनाया जाना चाहिए।

# हैप्पी एवं सुपर सीडर कृषि यंत्रों से किसान नरवाई में ही कर सकते हैं सीधी बुवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नरवाई प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए संचालनालय कृषि अभियांत्रिकी, मध्यप्रदेश शासन द्वारा किसानों को हैप्पी सीडर और सुपर सीडर कृषि यंत्रों पर अनुदान प्रदान किया जा रहा है। इसके लिए कृषकों से ई-अनुदान डीबीटी पोर्टल (www.dbt.mpdage.org) के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिले के इच्छुक किसान 4500 रुपये का डिमांड ड्राफ्ट सहायक कृषि यंत्री के नाम से बनाकर पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। हैप्पी सीडर पर अधिकतम 81 हजार 400 रुपए तथा सुपर सीडर पर 1लाख 20 हजार तक का अनुदान मिलेगा।

### आधुनिक तकनीक से नहीं जलाना पड़ेगी नरवाई

हैप्पी सीडर और सुपर सीडर जैसे उन्नत कृषि यंत्रों की सहायता से किसान धान, मूंग, गेहूं एवं सोयाबीन की कटाई के उपरांत खेत की खड़ी नरवाई में ही सीधी बुवाई कर सकते हैं। इन यंत्रों से एक ही प्रक्रिया में जुताई, बीज बुवाई और खाद डालने का कार्य संभव होता है, जिससे समय और लागत दोनों की बचत होती है।

### आम नागरिकों को लू- तापघात के प्रकोप से बचाव के लिए एडवायजरी जारी

# गर्मी का कहर : आसमान से बरस रही आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मौजूदा समय में सूर्यदेव उग्र रूप में है। सूर्य किरणें आसमान से मानो आग बरसा रही हैं जिससे न सिर्फ आमजन बल्कि पशु पक्षी भी झुलस रहे हैं। सुबह सूर्य निकलने के एक से दो घंटे बाद ही धूप तीखी लगने लगती है जैसे जैसे दिन चढ़ता है धूप से हवाएं आग की लपटों के समान हो जाती है सड़क अंगारों सी तप जाती है। प्रचंड गर्मी को देखते हुए राज्य शासन के राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गृह विभाग द्वारा आम नागरिकों को लू- तापघाट के प्रकोप से बचाव के लिए एडवायजरी जारी की है।

राज्य शासन के राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गृह विभाग द्वारा जारी एडवायजरी के अनुसार त्वचा पर लाल चकता, सूजन, फफोले, बुखार, सिरदर्द होने पर बार-बार नहलाये, यदि फफोले निकल आये हैं, तो स्टरलाइज, ड्रेसिंग करें और चिकित्सक का परामर्श लें। पैरों, पेट की मांसपेशियों अथवा शरीर के बाहरी भागों में तकलीफदेह ऐंठन, अत्याधिक पसीना आने पर छायादार स्थल पर तत्काल ले जाए। ऐठन वाले शरीर के भाग को जोर से दबाए तथा धीरे-धीरे सहलाए। शीतल जल, छाछ अथवा आम का पना पिलाये। यदि उकबाई आ रही हो, तो शीतल पेय पिलाना बंद कर दें तथा तत्काल नजदीकी प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र पर ले जाएं।

अत्याधिक पसीना आना, कमजोरी महसूस होना, शरीर ठंडा होना तथा पीला पड़ जाना, सिरदर्द, नब्ज कमजोर पड़ जाना, मूर्छित हो जाना व उल्टी आने पर प्रभावित को छायादार स्थल पर लिटा कर शरीर पर ठंडा एवं गीले कपड़े से स्पंजिंग करें। संभव हो तो उन्हें वातानुकूलित कमरे में ले जाए। प्रभावित को शीतल जल, छाछ अथवा पना पिलाएं। यदि उबकाई आ रही हो, तो शीतल पेय पिलाना बंद कर दे तथा प्रभावित व्यक्ति को तत्काल नजदीकी प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र पर ले जाएं।

### ये हो सकते हैं लक्षण

अत्याधिक बुखार, अत्याधिक गर्म एवं सूखी त्वचा, तेज नब्ज बेहोशी हो सकती है। इससे प्रभावित व्यक्ति को पसीना नहीं आएगा। यह अत्यंत चिंताजनक एवं चिकित्सा की दृष्टि से आपात स्थिति है। तत्काल एम्बुलेंस 108 को बुलाएं तथा प्रभावित को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराएं। एम्बुलेंस आने तक उन्हें किसी शीतल वातानुकूलित स्थान पर ले जाएं। कपड़ों को ढीला कर आरामदेह स्थिति में लिटाऍं। उनके शरीर पर ठंडा एवं गीले कपड़े से स्पंजिंग करें। किसी भी प्रकार का पेय पदार्थ पीनें को नहीं दें। आवश्यकतानुसार सीपीआर शुरु करें।

लू (तापघात) से बचाव के लिए पानी, छांछ, ओआरएस का घोल या घर में बने पेय जैस लस्सी, नीबू पानी, आम का पना इत्यादि का सेवन कर तरो-ताजा रहें। जहां तक हो सके दोपहर 12 से 3 बजे धूप में बाहर निकलने से बचें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें। कपड़े, टोपी अथवा छतरी का उपयोग करें। धूप में निकलने के पूर्व तरल पदार्थ का सेवन करें। पानी हमेशा साथ रखें। शरीर में पानी की कमी नहीं होने दें। सूती, ढीले एवं आरामदायक कपड़े पहनें। सिंथेटिक एवं गहरे रंग के वस्त्र पहनने से बचें। धूप तथा गर्म हवाओं के संपर्क के तुरंत बाद स्नान न करें। गरिष्ठ, वसायुक्त, ज्यादा प्रोटीन वाले भोजन तथा अल्कोहल, चाय, काफी जैसे पेय पदार्थ का उपयोग कम से कम करें। इसी तरह जानवरों को छाया में रखें और पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें। अत्याधिक गर्मी होने की स्थिति में ठंडे पानी से शरीर को पोछे या कई बार स्नान कराये।

## खबर संक्षेप

### बिल्हा में चौधरी परिवार में मारपीट, मामला दर्ज

**अमानगंज।** अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत दो चौधरी परिवार में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हुआ और मारपीट का मामला सामने आया है प्राप्त जानकारी के अनुसार पुराना विवाद था जिसमें हेतराम चौधरी ने आरोपी की बारी में पेशाब कर दी जिसमें मामला इतना बढ़ गया कि फरियादी ने बताया कि मैने इनके बारी के यहां पेशाब कर दी जिससे गुस्सा होकर मल्लू बाई ,कल्लू बाई और हाकम चौधरी ने मिल कर मुझे बहुत मारा। घटना में फरियादी हेतराम पिता बुद्दू चौधरी उम्र 33 वर्ष को शरीर में कई चोटें आई हैं। घटना में पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नरवाई की आग से कई जानवर आग में झुलसे, ग्राम जैतूपुरा में घटी घटना, दमकल ने आग पर पाया काबू



**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम जैतूपुरा में स्थित एक नाले के बगल से लगी नरवाई में आज दोपहर लगभग 3 से 5 के बीच विकराल आग लग जाने से आसपास घूम रहे जानवरों के बच्चे जिनमें भैंस के पड़ा और पड़िया आग में झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना तत्काल ही दमकल मशीन नगर निकाय अमानगंज को लगी और चालक अब्दुल और फायरमैन भूपेंद्र लखेरा ने मौके पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण पाया जिससे यह आग आगे नहीं बढ़ सकी और कई जानवर और घर सुरक्षित बचे।

### सीएम राइज स्कूल के 9 विद्यार्थियों का राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट परीक्षा में चयन



**पन्ना।** सीएम राइज शासकीय मॉडल उ.मा. विद्यालय पन्ना के 9 छात्र-छात्राओं का चयन भारत सरकार द्वारा आयोजित सत्र 2024-25 की राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट परीक्षा में हुआ है। शासकीय विद्यालयों में कक्षा 8 में अध्ययनरत विद्यार्थियों को आर्थिक संबल और प्रोत्साहन के लिए प्रति वर्ष यह परीक्षा आयोजित की जाती है। इसमें चयनित छात्र-छात्राओं को कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रत्येक वर्ष 12 हजार रूपए की राशि मिलेगी। चयनित छात्र-छात्राओं में तेजस द्विवेदी, राजकुमार प्रजापति, प्रतिभा कोरी, बेबो भार्गव, उमित पटेल, विपिन पाल, रौनक बागरी, विष्णु प्रजापति एवं आकाश सिंह शामिल हैं। विद्यालय प्राचार्य जयकरण पटेल एवं प्रधानाध्यापक नरेश कुमार पटेल द्वारा इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी गई हैं। साथ ही मार्गदर्शी शिक्षक जीतेन्द्र केशरी एवं अन्य स्टॉफ सदस्यों को भी बधाई दी।

जय अग्रवाल ने जे.ईई मेन्स 2025 में 99.37 परसेंट प्राप्त कर पवई और सम्पूर्ण क्षेत्र का बढाया गौरव

### प्रतिभा स्वयं के प्रयासों व लगन से सफलता को लेकर जानी जाती है

**पवई।** जय अग्रवाल पिता सतीश अग्रवाल, पवई जे.ईई मेन्स 2025 में 99.37 परसेंट प्राप्त कर पवई और सम्पूर्ण क्षेत्र का नाम गौरव से ऊँचा कर दिया है। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन उनकी मेहनत, अनुशासन और लगन का प्रतिफल है।उनकी यह सफलता न केवल उनके परिवार के लिए गर्व का विषय है, बल्कि उन सभी छात्रों के लिए प्रेरणा है जो प्ग्ज जैसी प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश का सपना देखते हैं। जय की इस उपलब्धि में उनके पिता श्री सतीश अग्रवाल एवं उनके गुरुओं का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा है।उनके निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन ने जय को हर कदम पर आगे बढ़ने की ताक़त दी। आपको बता दे कि जय अग्रवाल जवाहर नवोदय विद्यालय पन्ना मैं पढ़ाई करते थे। हम जय को आने वाले जे.ई.ई. एडवांस और उसके आगे के समस्त प्रयासों के लिए ढेर सारी शुभकामनाएँ देते हैं।

# दूसरी बार मिढासन नदी को पुर्नजीवित करने को लेकर गुनौर विधायक ने सीएम से मिलकर किया प्रयास

**तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्वयं पहली बार मिढासन नदी के पुर्नजीवन को लेकर राशि भी दी गई वृहद कार्यक्रम सम्पन्न हुआ था हालात वही मिढासन नदी को फिर जरूरत पुर्नजीवित की क्यों पड़ी सिस्टम आखिरकार स्वयं बयां कर रहा हालात, क्या मिढासन नदी को बचाये रखने के लिये वास्तविकता में होंगे प्रयास?**

**पन्ना।** जिले की गुनौर विधानसभा अंतर्गत अमानगंज कस्बे के पास से गुजरने वाली मिढासन नदी जो स्वयं ही अपनीदास्तां को बयां कर रही है कभी यह नदी स्वयं ही सदा नीरा को लेकर जानी जाती थी। पर यह नदी अब ग्रीष्म ऋतु में शायद ही कहीं देखने को मिले तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस नदी को पुर्नजीवित करने के लिये भारी भरकम राशि प्रदान की थी जिम्मेदारों ने वह राशि व्यय भी की पर नदी का पुर्नजीवित होना शायद संभव नहीं हो पाया। इससे साफ जाहिर होता है कि सिस्टम में कहीं न कहीं वास्तविकता में कार्य करने को लेकर आज भी जो हालात है उसमें कार्य करने वाले ही जिम्मेदार होते है। जनप्रतिनिधि तो अपनी भूमिका निभाते है पर तकनीकी अधिकारी सिस्टम को अपने मापदण्ड से कार्य करने के कारण हालात स्वयं ही अंजाम देते है। जिसका कारण मिढासन नदी को एक बार फिर पुर्नजीवित करने के लिये वर्तमान समय में गुनौर विधायक डॉ0 राजेश वर्मा ने अपने प्रयास जारी किये कुछ समय



पूर्व स्वयं विधायक डॉ0 राजेश वर्मा ने वर्तमान के हालात को लेकर जहां मुख्यमंत्री डॉ0 मोहन यादव से मिलकर मिढासन नदी के पुर्नजीवित करने को लेकर अपनी मंशा जाहिर की कर्तव्य रूप में परणित करने को लेकर पर सबसे बड़ा सवाल यहां स्वयं ही जवाब मांग रहा है जो आखिर पहली बार जो राशि इस नदी के पुर्नजीवित करने को लेकर लगाई गई उसमें क्या हालात बदले आज कितनी बार पुर्नजीवित किया जायेगा मिढासन नदी को कहीं न कहीं प्रकृति प्रदत्त नदियां जो हमें स्वयं ही ईश्वर के द्वारा प्रदत्त की गई है क्या वर्तमान समय में भागीरथ बन कर गंगा अवतरित नहीं किये जा सकते यह कब जाना जायेगा। आज मिढासन नदी के जल का उपयोग कब और कैसे किया जाता है वहीं मिढासन नदी को बचाये रखने के लिये वास्तविकता में जिम्मेदारों को भूमिका कर्तव्य रूप में निभाने के लिये क्या दायित्व निभाने होंगे। ताकि तीसरी बार मिढासन नदी को पुर्नजीवित करने के लिये जरूरत न पड़े एक बार भोगने के बाद अब तो सबक ले लेना चाहिये दूसरी बार विधायक डॉ0 राजेश वर्मा का प्रयास निश्चिततौर पर सराहनीय है पर मानीटरिंग को लेकर भी नजर पैनी रखनी होगी जिससे मिढासन नदी के जीवन को बचाये रखने के लिये कारगर प्रयास साबित हो सकें। बिना जल के नदी का अस्तित्व स्वयं ही दयनीय होता है जैसे बिना बारी के फसल नहीं होती वैसे ही बिना पानी के नदी अपनी हालात को स्वयं ही कहीं न कहीं हम आपको सबक दे रही है आखिर कब जागेंगे एक तरफ जल गंगा संवर्धन अभियान आज सब मिलकर मिढासन नदी के हालात को देखकर स्वयं ही मिलकर सरकार के प्रयासों के साथ भागीदारी निभाते हुये मिढासन नदी को बचाये रखने के लिये हों प्रयास ताकि मिढासन नदी का अस्तित्व सदैव नीरा के रूप में जाना जाये।

## पन्ना टाइगर रिजर्व अन्तर्गत बाघ पी-243 का किया गया उपचार



**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत हिनौता परिक्षेत्र में विगत कुछ दिनों से बाध पी-243 सिर पर चोट का निसान दिखाई दे रहा था। जिसपर पार्क प्रबंधन द्वारा सतत निगरानी की जा रही थी। परन्तु उसके घाव में सुधार न होने के कारण आज दिनांक 20.04.2025 को सुबह हिनीता रेंज अन्तर्गत बाघ-पी-243 को उप संचालक की उपस्थिति में वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी, पन्ना टाइगर रिजर्व द्वारा ट्रंकुलाइज किया जाकर उसका उपचार किया गया। उपचार उपरान्त बाघ की सतत निगरानी की जा रही है। उपरोक्त कार्यवाही उप संचालक के निर्देशन में वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी के तकनिकी मार्गशन में सम्पन्न की गई जिसमें सहायक संचालक पन्ना, परिक्षेत्र अधिकारी, हिनौता गरीघाट, पन्ना बफर, रेस्क्यू दल, हाथी महावत एवं अन्य क्षेत्रीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एकांत और आध्यात्म की धनी थी दादी रतन मोहिनी जी -बहनजी

**पन्ना।** मानवता की सेवा में अपना सर्विस न्यौछावर कर लाखों लोगों को सद्मार्ग शांति, अध्यात्म और मूल्यो का पाठ पढाकर श्रेष्ठ चरित्र निर्माण करने वाली ब्रह्मा कुमारीज की मुख्य प्रशासिका 101 वर्षीय दादी रतन मोहिनी जी संस्था के मुख्यालय माउंट आबू में 8 अप्रैल को पंचतंत्र में विलीन हो गई हजारों लोगों ने नम आंखों से दादी को अंतिम विदाई दी युवाओं की दादी के नाम प्रसिद्ध अपने पूरे जीवन में लाखों युवाओं को नशा मुक्त कर जीवन में नई राह दिखाई आज 20 अप्रैल को दादी जी का ब्रह्मा कुमारीज विद्यालय पन्ना में श्रद्धांजलि का कार्यक्रम रखा गया एवं सभी ने ब्रह्मा भोजन स्वीकार किया। ब्रह्माकुमारी बहन जी ने दादी जी के जीवन पर प्रकाश डालती हुई यह बताया कि दादी जी एकांत,अध्ययन और अध्यात्म में बहुत रुचि रखती थी आपने कहा कि दादी मे बचपन से ही भक्ति भाव के संस्कार थे,छोटी उम्र में ही खेलने कूदने की जगह ध्यान में अपना वक्त बिताती थी पढ़ाई में



होशियार होने के साथ-साथ धीर- गंभीर स्वभाव रहा। मात्र 34 साल की उम्र में जापान में दिया संबोधन विद्वान रह गए अचंभित - दादी जब मात्र 34 साल की थी तो जापान में आयोजित विश्व शांति सम्मेलन में दादी प्रकाशमणि के साथ ब्रह्माकुमारी का प्रतिनिधित्व किया था जब आपने सम्मेलन में अपना उद्बोधन देना शुरू किया और भारतीय संस्कृति की महिमा बताई तो चारों ओर सन्नाटा छा गया इतनी कम उम्र में आध्यात्मिक गहराई की बातें सुनकर वहां मौजूद विद्वान अचंभित रह गए इस दौरान एक साल तक एशिया देश में अध्यात्म योग का परचम लहराया। ऐसी महान आत्मा को सभी ब्रह्माकुमारी से जुड़े हुए भाई बहनों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि देकर उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना पांडे ने भी अपने विचार रखें, श्रीमती निशा जैन पूर्व प्राचार्य एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## दुर्गापुर में डी.पी.एल. क्रिकेट टूर्नामेंट का भाजपा नेताओं की उपस्थिति में हुआ उद्घाटन



पन्ना। जिले के अजयगढ़ क्षेत्र अंतर्गत आज दिनांक 20/04/2025 को सिद्धनाथ बाबा की नगरी में नयागांव पंचायत के ग्राम दुर्गापुर में डीपीएल क्रिकेट मैच का उदघाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र उर्फ बेटा, भाजपा नेता किरतपुर सरपंच प्रतिनिधि रामबाबू गौतम, नयागांव सरपंच पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशल किशोर लोधी, भाजपा युवा नेता रामपाल लोधी के द्वारा फीता काटकर क्रिकेट मैच का उद्घाटन किया गया। डीपीएल क्रिकेट शुभारंभ करने में जिसमें मुख्य अतिथि के रूप ने धरमपुर मंडल के वर्तमान मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह लोधी एवं मंडल के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान सरपंच कौशल किशोर लोधी जी एवं बीजेपी के सक्रिय नेता एवं वर्तमान प्रतिनिधि सरपंच कीरतपुर राम बाबू गौतम जी एवं सिद्धपुर सरपंच परशुराम पटेल जी आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रूपवसंत कुशवाहा अंकू जी एवं रवि कुमार शिवहरे जी एवं सतना जिले से चल कर आए कांग्रेस के युवा नेता पंकज कुशवाहा जी एवं राम रतन सिंह जी एवं अजयगढ़ क्षेत्र के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ एवं युवा खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## पुलिस अधिकारियों द्वारा देर रात्रि में थानों एवं चौकियों का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

**उप पुलिस महानिरीक्षक छतरपुर रेन्ज छतरपुर एवं पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा मड़ला, कोतवाली पन्ना एवं देवेन्द्रनगर थाने का औचक निरीक्षण कर बलवा ड्रिल सामग्री, मालखाने, रिकॉर्ड रजिस्टर,बंदी गृह,सी.सी.टी.व्ही कैमरे एवं थाने की व्यवस्थाओं का लिया गया जायजा**

**पन्ना।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार प्रदेश के समस्त जिलों के समस्त वरिष्ठ अधिकारियों को आकस्मिक रूप से अपने जिले के थानों का आकस्मिक निरीक्षण करने हेतु आदेशित किया गया था। पुलिस महानिदेशक के आदेशानुसार दिनांक 19-20 अप्रैल की दरम्यानी रात्रि में उप पुलिस महानिरीक्षक छतरपुर रेन्ज छतरपुर ललित शाक्यवार, पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्ण एस. थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस द्वारा पन्ना जिले के अलग-अलग थानों का देर रात औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान





वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा थाना परिसर का निरीक्षण किया गया जहां उन्होने परिसर की साफ सफाई, मालखाने, रिकॉर्ड रूम, जरायम रजिस्टर, सी.सी.टी.व्ही. कैमरो की स्थिति एवं थाने पर रखे बलवा ड्रिल सामग्री की उपलब्धता जैसे बॉडीगार्ड, हेलमेट, जाली, लाठी आदि को भी चेक किया एवं ड्यूटी पर उपस्थित थाने के अधिकारी/कर्मचारी व रात्रिकालीन गश्त, 100 डायल डियूटी में तैनात अधिकारियो/कर्मचारियों से चर्चा की गई। साथ ही थाना प्रभारी को आवश्यक सुधार हेतु दिशा निर्देश दिए गये। औचक निरीक्षण के दौरान उप पुलिस महानिरीक्षक छतरपुर रेन्ज छतरपुर ललित शाक्यवार द्वारा पन्ना जिल के थाना मडला एवं थाना कोतवाली पन्ना को चेक किया गया। साथ ही पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्ण एस. थोटा द्वारा थाना देवेन्द्रनगर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान द्वारा थाना अमानगंज, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पन्ना एवं गुनौर एस पी. सिंह बघेल द्वारा थाना गुनौर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एजेके राजेन्द्र मोहन दुबे द्वारा थाना पवई, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अजयगढ़ आर एस भदौरिया द्वारा थाना धरमपुर में औचक नरीक्षण कर थाने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया एवं ड्युटी पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियो से चर्चा की गई। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण दौरान डियूटी में तैनात पुलिस अधि0/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये साथ ही थानों के रिकार्ड संधारण एवं सी.सी.टी.एन.एस. कार्यवाही के संबंध में समुचित जानकारी ली गई।

## अज्ञात कारणों के चलते लगी आग, एक छोटा हाथी (वाहन) और किसान की संपत्ति जलकर राख

### पवई- कटनी सड़क मार्ग पर घटी घटना

**अमानगंज।** नगर में अमानगंजदृकटनीदृपवई सड़क मार्ग पर आज दोपहर लगभग 2:00 बजे जब दोपहर अपने पूरे सबाब पर था तब एक खेत की आग जो अज्ञात कारणों से लगी थी अपना पूरा रूप लेते हुए किसान पेट्रोल पंप के आसपास चारों ओर फैल गई। इस आग से एक पुराना छोटाहांथी वाहन जो लंबे समय से वहीं खड़ी था आग ने उसे अपने आगोश में लेते हुए कुछ ही समय में जलाकर राख कर दिया और आग एक किसान जगदीश दुबे की झोपड़ी तक



जा पहुंची जिसने किसान की झोपड़ी में रखा किसानी सामान जैसे पाइप तार और अन्य उपयोगी सामग्री जलकर राख कर दी, जिससे किसान को तकरीबन 50000रुपए का नुकसान इस आगजनी में मौके पर बताया गया। घटनास्थल पर मौके पर पहुंचने के बाद छोटाहांथी वाहन संचालक के विषय में कोई जानकारी नहीं ज्ञात हो सकी। केवल यह पता लगा कि यह छोटाहांथी वाहन लंबे समय से यहां खड़ा हुआ था और वाहन किसका है इसके विषय में कोई जानकारी समाचार लिखे जाने तक प्राप्त नहीं हो सकी। बढ़ती आग से घबराए किसान पेट्रोल संचालक और आसपास के दुकानदार एकजुट होकर आग बुझाने में जुट गए और देखते ही देखते उन्होंने आग पर काबू पा लिया और कोई अप्रिय घटना नहीं घट सकी अन्यथा मामला बड़ा हो सकता था।

## जन सहभागिता से होगा जल संरक्षण- उमराव सिंह मरावी सीईओ जिला पंचायत




**जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम भुजबई ग्राम पंचायत प्रतापपुर में जल संवाद कार्यक्रम का किया गया आयोजन**

**पन्ना।** ग्राम पंचायत प्रतापपुर के ग्राम भुजबई में रूंज नदी के किनारे बने स्टॉप डैम के पास आयोजित किया गया मध्यप्रदेश शासन द्वारा जल संरक्षण तथा जल के प्रति समुदाय को जागरूक करने के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है ,शासन द्वारा चलाए जा जल गंगा संवर्धन अभियान को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से ग्राम भुजवाई में ग्राम पंचायत एवं स्वैच्छिक संगठन समर्थन, प्रदान ,अरुणोदय ,जनअभियान परिषद नवांकुर के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी अजयगढ़ अलोक मार्को, सरपंच श्रीमती पुष्पा सेन, हनुमत प्रताप सिंह उर्फ रजउ राजा, दिनेश भुर्जी जिला पंचायत सदस्य, परियोजना अधिकारी संजय सिंह, सहायक यंत्री प्रशान्त नायक, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अमित यादव उपयंत्री सजीव जैन उपस्थिति रहे। स्व्यंसेवी संस्था के प्रतिनिधि प्रदान से राजिका,जनअभियान परिषद से क्षमा खरे, अरूणोदय से रूवल पाण्डेय, गर्जन सिंह, नवाकुर से भरत मिश्रा, साहिव सिंह चन्देल। समर्थन से फरीदा बी,दीपक,हरेन्द्र सिंह, विकास,लखन ,चालीराजा एवं दीपक सहित पंचायत मित्र जल मित्र शामिल रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन समर्थन के समन्वयक ज्ञानेंद्र तिवारी के द्वारा किया गया कार्यक्रम की शुरुआत जल के प्रति जागरूक करने हेतु लोक गीतों से की गई इसके बाद मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री मरावी तथा साथ में आए अधिकारी गण,सरपंच,जिला पंचायत सदस्य द्वारा जल संकल्प किया गया इसके बाद जल संरक्षण को संरक्षण करने हेतु समर्थन की टीम की तरफ से नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसके बाद मंत्रोच्चार के साथ नदी की पूजा की गई तथा दीप प्रज्वलन कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम संपन्न किया गया। जल संवाद में सम्मान कृ ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य आशोक सिंह,रामकेश पाल,रामकली वंशकार,वंदना सिंह,गनेश नामदेव ने ग्राम की सफाई एवं जल संरक्षण का कार्य किया सीईओ जिला पंचायत ने सम्मान किया। नुक्कड़ नाटक कृ जल संरक्षण संवर्धन के क्षेत्र में समर्थन संस्था द्वारा लगातार जिले में जल मित्रो की टीम के द्वारा पानी बचाने, जलकर एवं पेयजल स्रोत के स्थायित्व के लिये आम नागरिको को जागरूक करने का काम कर रहे है। दीप प्रज्जवलन कृ गायत्री परिवार ने दीप यज्ञ कराकर पर्यावरण जल संरक्षण के स्थायित्व के लिये दीप यज्ञ कराया एक हजार दीपो से जगमगाया रून्ज नदी का तट। कार्यक्रम स्थल से रून्ज नदी एवं विंध्यांचल पर्वत की श्रृंखला का अलोकित दृष्य से सभी सहभागी मंत्रमुग्ध थे। इस कार्यक्रम में पंचायत मित्र ,जलदूत एवं माताओ एवं बहनो ने सहभागिता की।



### गांव की प्रतिभा ने रचा इतिहास, गुखौर के 10 विद्यार्थियों का मींस-कम-मेरिट परीक्षा में चयन

**देवेन्द्रनगर।** देवेंद्रनगर तहसील के एक छोटे से गांव गुखौर की शासकीय माध्यमिक शाला ने इस बार शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। भारत सरकार द्वारा सत्र 2024-25 के लिए आयोजित राष्ट्रीय मींस कम मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा में यहां के कक्षा आठवीं में अध्ययनरत 10 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। यह न केवल विद्यालय के लिए, बल्कि समूचे पन्ना जिले के लिए भी गौरव का क्षण है। इस परीक्षा का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर, लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को नवमी से बारहवीं तक की पढ़ाई हेतु वार्षिक 12,000 रुपये की छात्रवृत्ति देकर प्रोत्साहित करना है। इस चयन में शामिल विद्यार्थियों में गौरव कुशवाहा ने जिले में तीसरा एवं ब्लॉक स्तर पर पहला स्थान प्राप्त कर विशेष उपलब्धि अर्जित की है। वे जनपद सदस्य वार्ड क्रमांक 24 की प्रतिनिधि अर्चना कुशवाहा एवं मिथलेश कुशवाहा के सुपुत्र हैं, तथा पूर्व सरपंच दादूराम कुशवाहा के नाती हैं। गौरव के साथ चयनित अन्य विद्यार्थियों में नेहा पाल, मोहिनी त्रिपाठी, विवेक कुशवाहा, हिमांशु नामदेव, नैतिक कुशवाहा, राशि द्विवेदी, प्रांशी कुशवाहा, मुस्कान चौधरी एवं प्रियांश दहायत शामिल हैं। इन सभी ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा से यह सिद्ध किया है कि सीमित संसाधन भी सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकते। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संदीप कुमार गौतम एवं शिक्षकों की समर्पित टीम कृ राजेश पांडे, सनद कुमार गर्ग, छोटे सरकार बागरी, रजिया बेगम, शिखा नायक, प्रिया जैन, प्रगति यादव, शिवम शिवहरे, हरिराम गर्ग, भरत गुप्ता एवं अभिषेक गौतम कृ इन विद्यार्थियों की सफलता के वास्तविक शिल्पकार हैं। उनका अथक परिश्रम, सतत मार्गदर्शन और प्रेरणादायी शिक्षण इस गौरवशाली उपलब्धि का मूल आधार है। गुखौर जैसे छोटे से गांव की यह उपलब्धि पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणास्त्रोत है। यह उदाहरण है कि जब गांवों में शिक्षा के प्रति जागरूकता होती है, तो वहां से प्रतिभा की नदियाँ बहती हैं जो पूरे समाज को दिशा देने का कार्य करती हैं। यह सफलता एक संकेत है कि देवेंद्रनगर जैसे अपेक्षित क्षेत्र भी शिक्षा के उजाले से अपनी पहचान राष्ट्रीय पटल पर बना सकते हैं। इस शानदार सफलता के लिए समस्त चयनित विद्यार्थियों, उनके माता-पिता, शिक्षकों एवं पूरे ग्राम गुखौर को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

## खबर संक्षेप

### दस राज्यों के 200 से अधिक लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**आरोग्य भारती ने बागेश्वर धाम में लगाया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर**

**छतरपुर।** सिद्ध क्षेत्र बागेश्वर धाम में रविवार को आरोग्य भारती की ओर से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में देश के दस राज्यों और नेपाल सहित 200 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परीक्षण के उपरांत लक्षणों के आधार पर लोगों को आवश्यक दवाएं दी गई। लोगों को स्वस्थ रहने के बारे में भी जानकारी दी गई। आरोग्य भारती के जिला सचिव विकास चौबे ने बताया कि बागेश्वर धाम में राम दरबार के समीप महाराज श्री के निर्देशन एवं संरक्षण में रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में मध्य प्रदेश के अलावा उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, उड़ीसा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, दिल्ली, हरियाणा के अलावा नेपाल के मरीज सहित करीब 200 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। उन्होंने बताया कि एमडी मेडिसिन डॉ गौरव अग्रवाल और डेंटिस्ट एवं आरोग्य भारती की जिला अध्यक्ष डॉ निधि विवेक रूसिया ने मरीजों की जांच की एवं आवश्यक सुझाव बताए। सभी मरीजों को निशुल्क दवाएं वितरित की गई। सर्दी, खांसी, जुखाम, बुखार, बदन दर्द, दांत दर्द, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर सहित अन्य बीमारियों को जांचा गया। आरोग्य भारती ने धाम में समय-समय पर सिविर लगाने का संकल्प लिया है ताकि यहां आने वाले लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जा सके। वहीं धाम की ओर से व्यवस्थापक निशांत नायक, नीरज मिश्रा, बृजेश चौरसिया, सुदामा, विजय, सानू का विशेष सहयोग रहा।

### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की ओर बढ़ती छतरपुर की बेटी क्रांति का नगर में हुआ भव्य स्वागत



**छतरपुर।** डब्ल्यूपीएल-2025 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार गेंदबाजी कर यूपी वॉरियर्स को जीत दिलाने वाली छतरपुर की उभरती क्रिकेटर क्रांति गौड़ के नगर आगमन पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में आत्मीय स्वागत और सम्मान किया गया। क्रांति गौड़ ने मैच में मेग लैनिंग, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिक्स जैसे शीर्ष खिलाड़ियों को आउट कर सभी का ध्यान आकर्षित किया था। बड़ामलहरा खेल विभाग के ब्लॉक समन्वयक धीरज चौबे ने बताया कि क्रांति पासपोर्ट से संबंधित काम से छतरपुर पहुंची थीं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया और उनके खेल जीवन से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। क्रांति ने बताया कि उनके कोच राजीव बिल्थरे, डीसीसीए सचिव एवं अध्यक्ष विनय चौरसिया का मार्गदर्शन उन्हें इस मुकाम तक लाया है। फिलहाल वह यूके में भारतीय महिला टीम के प्रस्तावित दौरे की तैयारी कर रही हैं, जिसके लिए पासपोर्ट प्रक्रिया चल रही है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। बाद में क्रांति प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र पहुंचीं, जहां सेवा केंद्र प्रभारी बीके शैलजा बहन ने उन्हें खेलों में मेडिटेशन के महत्व को बताया और परमात्मा का विग्रह एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान बीके रीना, बीके रजनी, बीके कल्पना, मंजू राजा व धीरज चौबे उपस्थित रहे। सम्मान से अभिभूत क्रांति ने सभी के प्रति आभार जताया।

### भागवत कथा एवं विष्णु यज्ञ का समापन

**छतरपुर।** नगर के नरसिंहगढ़ पुरवा स्थित हनुमान मंदिर में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञानयज्ञ एवं पंचकुंडीय श्री विष्णु यज्ञ का रविवार को पूर्णाहुति व विशाल भंडारे के साथ भव्य समापन हुआ। सप्ताह भर चले इस धार्मिक आयोजन से पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया। कथा व्यास भागवताचार्य पं. सौरभ तिवारी के मुखारविंद से प्रतिदिन भगवान श्रीकृष्ण के भक्तिमय चरित्रों की अमृतवर्षा हुई।

---

## डॉक्टर की गुंडागर्दी का वीडियो हुआ वायरल, प्रशासनिक महकमे में मचा हड़कंप

# पत्नी का इलाज कराने आए बुजुर्ग को डॉक्टर ने घसीटकर अस्पताल के बाहर फेंका, थप्पड़ भी मारे

### संबंधित डॉक्टर को नोटिस देकर मांगा गया जवाब, नौगांव थाना में दर्ज हुई एफआईआर

छतरपुर। छतरपुर जिला अस्पताल में अपनी पत्नी का इलाज कराने आए एक बुजुर्ग के साथ अस्पताल के डॉक्टर द्वारा की गई मारपीट का वीडियो वायरल होने से हड़कंप मच गया है। वायरल वीडियो में डॉक्टर और उसका सहयोगी बुजुर्ग को घसीटते हुए अस्पताल के बाहर फेंकते और उसे पीटते हुए नजर आ रहे हैं। मामला सामने आने के बाद प्रशासनिक महकमे में दिन भर हड़कंप मचा रहा। अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लेकर जांच की, कलेक्टर ने कार्रवाई प्रस्तावित की और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की संचालक ने डॉक्टर को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है।







#### 17 को हुई थी घटना, अब आया वीडियो

प्राप्त जानकारी के मुताबिक उक्त घटना 17 अप्रैल की है।



उस दिन नौगांव निवासी बुजुर्ग उद्धव सिंह जोशी अपनी पत्नी का इलाज कराने जिला अस्पताल आए थे। ओपीडी में डॉ राजेश मिश्रा से किसी बात को लेकर उनकी बहस हो गई और बहस इतनी बढ़ गई कि डॉक्टर और उनके सहयोगी राघवेन्द्र खरे ने बुजुर्ग को घसीटते हुए अस्पताल परिसर के बाहर फेंक दिया। इतना ही नहीं वायरल वीडियो में डॉक्टर मिश्रा, बुजुर्ग को थप्पड़ मारते हुए भी दिख रहे हैं, जिससे बुजुर्ग का चश्मा टूट गया था। घटना दिनांक को वीडियो सामने न आने के कारण मामला शांत हो गया था लेकिन शनिवार की रात को वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद से मामला सुर्खियों में है।

#### सिविल सर्जन ने पहले किया था इंकार, अब बोले होगी कार्रवाई

जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. जीएल अहिरवार का



इस मामले में घटना दिनांक को कहना था कि मरीज और डॉक्टर के बीच केवल बहस हुई थी और बाद में बुजुर्ग की बात मान ली गई थी लेकिन अब वायरल वीडियो में स्पष्ट मारपीट दिखने पर सिविल सर्जन ने कहा कि उस दिन उनके पास वीडियो नहीं था। अब वीडियो संज्ञान में लिया गया है और कलेक्टर के निर्देश पर डॉक्टर और स्टाफ से बयान लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि नियमों और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

#### एसडीएम ने की पुष्टि, कलेक्टर को भेजा गया कार्रवाई का प्रस्ताव

वहीं इस मामले में एसडीएम अखिल राठौर ने बताया कि



वीडियो की सत्यता की पुष्टि होने पर सिविल सर्जन ने डॉक्टर को कारण बताओ नोटिस भेजकर, जवाब लिया है। आज जिला समिति द्वारा जांच कर संविदा एनएचएम के ऑर्थोपेडिक डॉक्टर राजेश मिश्रा और रेडक्रॉस कर्मी राघवेन्द्र खरे के विरुद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव कलेक्टर को भेजा गया है।

#### डॉक्टर ने दी सफाई, कहा- बुजुर्ग ने पहले की बदसलूकी

'डॉ. राजेश मिश्रा ने भी इस मामले में अपनी सफाई पेश की है।



उन्होंने बताया कि 17 अप्रैल को वे नियमित रूप से ओपीडी में मरीजों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान एक बुजुर्ग व्यक्ति आए और बिना किसी बात के गाली-गलौज करने लगे। उन्होंने आरोप लगाया कि बुजुर्ग ने धक्का-मुक्की शुरू कर दी थी और उन्हें रोकने की कोशिश पर और अधिक उग्र हो गए। डॉक्टर मिश्रा के मुताबिक जब वे वहां से उठकर जाने लगे तो बुजुर्ग ने उनका हाथ पकड़कर थप्पड़ मार दिया। डॉ मिश्रा ने कहा कि लगातार हाथापाई के बीच उन्होंने आत्मरक्षा में प्रतिक्रिया दी थी।

#### कलेक्टर ने सिविल सर्जन को भी भेजा नोटिस



कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने घटना के बाद ही मामले को संज्ञान में लेते हुई सिविल सर्जन डॉ. जी.एल. अहिरवार को जांच कर प्रतिवेदन भेजने के निर्देश दिए थे, फिर भी उन्होंने रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की, जिसे लापरवाही मानकर कलेक्टर ने सिविल सर्जन को भी कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 21 अप्रैल को सायं 4 बजे तक लिखित उत्तर मांगा है। कलेक्टर ने डॉक्टर के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के लिए मिशन संचालक भोपाल को प्रस्ताव भेजा, साथ ही रेडक्रॉस कर्मचारी को हटाए जाने की कार्यवाही प्रस्तावित की।

#### डॉक्टर सहित एक अन्य पर दर्ज हुई एफआईआर



जिला अस्पताल में बुजुर्ग के साथ मारपीट मामले में डॉक्टर राजेश मिश्रा पर पुलिस और प्रशासन दोनों स्तर पर कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने जानकारी दी कि डॉक्टर राजेश मिश्रा और एक अन्य के खिलाफ नौगांव थाना में बीएनएस की धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) में जीरो पर एफआईआर दर्ज कर थाना कोतवाली छतरपुर को भेजी गई है। मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं दूसरी ओर कलेक्टर पार्थ जैयसवाल द्वारा भेजे गए प्रतिवेदन के आधार पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की संचालक सलोनी सिडाना ने डॉक्टर मिश्रा को कारण बताओ नोटिस जारी कर 24 घंटे में जवाब मांगा है।

### प्रेम सागर तालाब की सफाई शुरू, जल संरक्षण अभियान के तहत नगर परिषद खजुराहो की पहल

**खजुराहो।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर परिषद खजुराहो द्वारा प्रेम सागर तालाब की सफाई का कार्य शनिवार से प्रारंभ कर दिया गया। यह विशेष सफाई अभियान 20 अप्रैल से 28 अप्रैल 2025 तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन होटल, कार्यालयों और विभिन्न स्व-सहायता समूहों के सहयोग से श्रमदान किया जाएगा। यह कार्य कलेक्टर जिला छतरपुर के निर्देश पर नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ पप्पू अवस्थी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी बसंत चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य क्षेत्रीय जल स्रोतों की स्थिति में सुधार कर जल संरक्षण को बढ़ावा देना है, ताकि वर्षा जल का समुचित उपयोग सुनिश्चित हो सके। नगर परिषद खजुराहो द्वारा 30 मार्च से लगातार जल स्रोतों की साफ-सफाई, जल संयंत्रों की मरम्मत, तालाब, नदी, झील एवं बावड़ियों का सर्वेक्षण आदि कार्य भी कराए जा रहे हैं। साथ ही एमपीयूडीसी द्वारा संचालित पेयजल योजना के तहत अपव्यय हो रहे जल की रोकथाम हेतु नलों में लीकेज सुधार और टोटी मरम्मत का कार्य भी तीव्रता से किया जा रहा है। नगर परिषद के इस समर्पित अभियान को स्थानीय नागरिकों और संस्थानों का भी सहयोग मिल रहा है, जिससे यह प्रयास न केवल जल संरक्षण की दिशा में एक ठोस कदम साबित हो रहा है बल्कि लोगों में जागरूकता भी बढ़ा रहा है।

---

## हिंसा में बदला परिवार का मामूली विवाद, तीन लोग घायल



**छतरपुर।** राजनगर थाना क्षेत्र के डिगौनी गांव में एक परिवार के मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दरअसल मामूली के विवाद के बाद एक पक्ष थाने में शिकायत करने चला गया था, जिससे नाराज होकर दूसरे पक्ष के लोगों ने थाने से वापिस घर लौट रहे तीन लोगों पर हमला कर दिया। मारपीट में घायल हुए लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डिगौनी निवासी राजू पटेल उम्र 48 वर्ष ने बताया कि सुबह से परिवार के अखिलेश पटेल से उसका विवाद हो गया था, जिसके बाद उसने राजनगर थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई थी। राजनगर थाना में शिकायत कराने के बाद जब वह बाइक से घर लौट रहा था, तभी घोड़ा पुरवा के पास घात लगाकर बैठे अखिलेश पटेल, सतीश, अनिल, लवकुश और हिसाबी पटेल ने लाठी, डंडे, लोहे की रॉड और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में राजू पटेल के अलावा उसका साथी श्रीपत पटेल उम्र 50 वर्ष और कारेलाल पटेल उम्र 65 वर्ष घायल हुए हैं, इनमें से राजू और श्रीपत की हालत गंभीर है। घायलों को पुलिस द्वारा उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। वहां राजनगर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## उधारी के 20 हजार रुपए मांगना पड़ा महंगा



### महिला के साथ घर में घुसकर की मारपीट

**छतरपुर।** राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम डिगौनी में उधारी के पैसे मांगना एक महिला को भारी पड़ गया। घायल महिला सम्पत पटेल उम्र 48 ने बताया कि बीती शाम करीब 7 बजे वह अपने परिवार के साथ घर पर थी, तभी पांच लोग घर में घुस आए और लाठी-डंडों से उसके साथ बेरहमी से मारपीट कर दी। सम्पत पटेल के अनुसार उसने कुछ समय पहले गांव के हरिचरण पटेल को 20 हजार रुपए उधार दिए थे। जब उसने रकम वापिसी मांगी तो, हरिचरण नाराज हो गया और अपने साथी अमित, संदीप, मलखान और विजय के साथ उसके घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए हमला कर दिया। हमले में सम्पत पटेल गंभीर रूप से घायल हो गई है। उसके शरीर में कई जगह चोटें आई हैं और हालत गंभीर बनी हुई है। सम्पत पटेल ने राजनगर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराकर न्याय की मांग की है।

---

## बच्चों का भविष्य संवारने चौरसिया समाज की पहल




### कैरियर काउंसलिंग में सफल अधिकारियों ने युवाओं को दिया मार्गदर्शन

**छतरपुर।** सोशल रिफार्म वाय चौरसिया ग्रुप के तत्वावधान में रविवार को शहर के ऑडिटोरियम हॉल में निःशुल्क कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिन्हें पढ़ाई के तरीकों, मोटिवेशन और भविष्य की तैयारी जैसे विषयों पर सफल अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। चौरसिया समाज के जिला अध्यक्ष बृजेश चौरसिया काजू ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथि के रूप में यूरोप से आए भारतेन्दू चौरसिया, हाल ही में डिप्टी कलेक्टर बने उमेश अवस्थी, ट्रेजरी ऑफिसर सागर डिंपी चौरसिया, लवकुशनगर नायब तहसीलदार सुप्रिया बागरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने बच्चों से संवाद कर उन्हें लक्ष्य निर्धारण और मेहनत से सफलता पाने के लिए प्रेरित किया। समाज के नीरज चौरसिया ने बताया कि यह आयोजन बच्चों के लिए बेहद लाभकारी रहा, जिसमें उच्च पदों पर कार्यरत अधिकारियों ने उपयोगी मार्गदर्शन दिया।



### धार्मिक यात्रा पर गया था परिवार

## सूने घर का ताला तोड़कर लाखों की संपत्ति ले उड़े चोर

**छतरपुर।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र की चौबे कॉलोनी में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने एसवीएन कॉलेज के पीछे स्थित अरजरिया परिवार के मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया है।

शिकायतकर्ता महेन्द्र अरजरिया ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर अयोध्या गए हुए थे। रविवार की सुबह करीब 4 बजे जब वे लौटे, तो घर के मुख्य द्वार का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था और गोदरेज के लॉक टूटे हुए थे। महेन्द्र अरजरिया का दावा है कि चोर उनके घर से करीब 22 तोला सोना, आधा किलो से अधिक चांदी और लगभग 5 लाख रुपये नगद समेत कुल 35 से 40 लाख रुपये की संपत्ति चोरी कर ले गए हैं। उन्होंने बताया कि घटना रात 1 बजकर 10 मिनट की है, जिसकी पुष्टि घर में लगे सीसीटीवी फुटेज से हुई है। वीडियो में दो चोर वारदात को अंजाम देते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं। सिविल लाइन थाना पुलिस ने महेन्द्र अरजरिया की शिकायत और वीडियो फुटेज के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

---

## 27 अप्रैल से शुरु होगी युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया

### युवा कांग्रेस के कोऑर्डिनेटर ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक




**छतरपुर।** रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में युवा कांग्रेस के कोऑर्डिनेटर शेखर नलवंशी ने संगठनात्मक चुनाव और सदस्यता अभियान को लेकर पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान आगामी प्रक्रिया की रूपरेखा तय की गई। शेखर नलवंशी ने बताया कि 27 अप्रैल से युवा कांग्रेस का संगठनात्मक चुनाव और सदस्यता अभियान प्रारंभ होगा, जो 6 मई तक चलेगा। इसके बाद स्क्रूटनी की प्रक्रिया होगी और 11 मई से सदस्यता अभियान की विधिवत शुरुआत होगी। बैठक में जिले के सभी ब्लॉक स्तरीय और विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ता मौजूद रहे। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष लोकेन्द्र वर्मा ने बताया कि चुनाव पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की मंशा के अनुसार कराए जाएंगे। बैठक के दौरान अभियान से संबंधित पोस्टर का विमोचन भी किया गया। बैठक में राजवर्धन मिश्रा, अजय प्रताप सिंह, विवेक अग्रवाल, शुभम द्विवेदी, पुष्पेंद्र कुशवाहा, आदर्श रावत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बारी गांव के रामलला मंदिर में ताला डलने से संत समाज नाराज

### जानराय टौरिया के महंत ने कहा- यह प्रशासन की मनमानी



**छतरपुर।** बीते रोज गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बारी के रामलला मंदिर में छतरपुर एसडीएम और नायब तहसीलदार के बीच हुई कथित झूमा-झटकी का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले में तीन लोगों पर मामला दर्ज किया गया, जिनमें से दो को जेल भेजा गया है। वहीं प्रशासन द्वारा मंदिर में ताला लगाने से नाराज संत समाज ने नाराजगी जताई है। संतों का कहना है कि बीते रोज से रामलला मंदिर के पट बंद हैं, पूजा-पाठ नहीं हो सका है, जो कि धार्मिक अधिकारों का उल्लंघन है। निर्मोही अखाड़ा के पंच एवं जानराय टौरिया के महंत भगवानदास श्रृंगारी ने पूरे घटनाक्रम को प्रशासन की मनमानी करार दिया है। उन्होंने कहा कि न तो शासकीय कार्य में बाधा डाली गई और न ही किसी तरह की मारपीट या झूमा-झटकी हुई है। महंत का कहना है कि यदि प्रशासन के पास ऐसा कोई वीडियो प्रमाण है, तो सार्वजनिक करे। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिरों के प्रबंधन का अधिकार कलेक्टर के पास होता है, एसडीएम को ऐसा कोई अधिकार नहीं कि वे मंदिर में ताला लगवा सकें। उन्होंने आरोप लगाया कि रामलला मंदिर में जब से ताला लगा है, तब से प्रसाद नहीं चढ़ा, पूजा-पाठ नहीं हुआ, यह प्रशासन का खुला अन्याय है। महंत श्रृंगारी ने चेतावनी दी कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई और दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो समस्त साधु-संत सड़कों पर उतरकर विरोध करेंगे।

## अज्ञात कारणों से अधेड़ ने की आत्महत्या



**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र की संध्या विहार कॉलोनी निवासी लल्लू रैकवार उम्र 60 वर्ष पिता बलदेव प्रसाद रैकवार ने शनिवार की रात अपने निवास में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना रात करीब 9 बजे की है। मृतक शराब पीने का आदि था। फिलहाल फांसी लगाने के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं।

घटना के बाद परिजन उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रविवार को शव का पोस्टमार्टम किया गया। मृतक के भाई जगदीश रैकवार ने बताया कि उसे मृतक की बहू ने फोन पर घटना की जानकारी दी, जिसके बाद वे तत्काल अस्पताल पहुंचे। फिलहाल सिविल लाइन थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पुलिस का कहना है कि फांसी किन परिस्थितियों में लगाई गई, इस संबंध में जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### बिजली की तार चोरी करने वाला इनामी शातिर फरार आरोपी गिरफ्तार

**रीवा।** जिले के सिरमौर थाना पुलिस पुलिस ने बिजली की तार चोरी करने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक ने 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। पुलिस आरोपी को पिछले 03 साल से तलाश रही थी। थाना प्रभारी जे.पी.पटेल ने बताया कि वर्ष 2022 में बरदहा घाटी में 16 अगस्त 2022 की दरमियानी रात टी.एच.पी. से निकलने वाले 33 के.व्ही. लाईन के 16 पोल के विद्युत तार बदमाश काट ले गए थे। चोरी करके भागते समय पिकअप बोलेरो मिट्टी में धस गई थी जिसके बाद आरोपी वाहन छोड़कर भाग खड़े हुए थे। मामले में सिरमौर पुलिस ने वाहन मालिक रमेश केवट पिता श्यामनारायण केवट निवासी ग्राम खीरी कोरांव जिला प्रयागराज उ.प्र. की लगातार तलाश कर रही थी। आरोपी घटना दिनांक से लगातार फरार था, थाना प्रभारी ने पुलिस टीम गठित कर आरोपी रमेश केवट को चाकघाट से गिरफ्तार किया व आरोपी को न्यायालय पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है, साथ ही अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### युवा संगम कार्यक्रम आज आईटीआई रीवा में

**रीवा।** जिले के शासकीय आईटीआई रीवा में 21 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 10 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा 18 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए। वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में जीएसएस आईएफएमएस प्रा. लि. जामनगर ए गुजरात, बैक्सी लिमिटेड नीमराना कोटा, टाटा मोटर ऑटो मोबाइल कंपनी गुजरात, ख्याति शील्ड वेन्टुरेज प्रा. लि. छत्तीसगढ, पेरेग्रीन गार्डिंग प्रा.लि. गुजरात, प्रतिभा सिन्टेक्स लि. पीथमपुर, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा, डीएमसी फिनिसिंग स्कूल प्रा. लि. पुणे तथा एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

पेपरलेस होगी कार्यप्रणाली, डाक व्यवस्था होगी समाप्त

# कार्यालयों में ई-आफिस से चलेंगी फाइलें

**रीवा।** शासकीय कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनवरी 2025 में मुख्यमंत्री आवास से ई-आफिस कार्यप्रणाली का शुभारम्भ किया था। जिसके बाद संभाग और जिले स्तर पर ई-ऑफिस को लागू करने का कार्य शुरू हो चुका है। जिसके तहत रीवा संभागीय कार्यालय एवं कलेक्टर कार्यालय इस कार्यप्रणाली में पूरी तरह से ऑन-बोर्ड हो चुके हैं। साथ ही रीवा जिले के 35 विभाग भी ई-ऑफिस में ऑन-बोर्ड हो चुके हैं, जिसमें से 20 कार्यालय/सेक्शन ई-आफिस से फाइलें भेजने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। इसमें से कलेक्ट्रेट की भू-अभिलेख शाखा ने सर्वाधिक 9 फाइलों का ई-ऑफ़सि से निपटारा किया गया। जिले के अन्य विभाग भी अब पूरी तरह से फाइलें ई-ऑफ़सि से ही प्रेषित कर रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि ई-ऑफिस एक डिजिटल क्रांति के रूप में हैं। इससे हम सिंगल क्लिक से अनुमोदित कर फाइल सम्बंधित कार्यालय को वापस कर सकते हैं। जिले में पूरी तरह ई-ऑफिस में शिफ्ट होने के बाद हम अनुभाग, जनपद और तहसील स्तर तक लागू करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। संयुक्त कलेक्टर प्रमोद कुमार पाण्डेय ने कहा कि मैंने अपनी सभी शाखाओं से फाइले ई -ऑफिस से ही लेना शुरू कर दिया हैं।



ई-ऑफिस से ही नोटशीट बनाना, ड्राफ्ट को अप्रूवल करना, ई साइन करके फाइल आगे बढ़ा देना काफी आसान हैं। जिला नोडल अधिकारी ई आफिस मनीष पटेल ने बताया कि रीवा संभागीय कार्यालय, कार्यालय कलेक्टर एवं जिले के लगभग 35 कार्यालय ई-ऑफिस में ऑन-बोर्ड हो चुके हैं। सभी विभागों को रोस्टर जारी कर प्रशिक्षण भी दिया जा चुका हैं। अप्रैल माह तक सभी कार्यालयों को ई-ऑफिस में ऑन-बोर्ड कर दिया जायेगा। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों-कर्मचारियों को नोडल अधिकारी प्रशिक्षण दिया गया। ई-आफिस के लाभ- ई-आफिस से अधिकारी/कर्मचारी अपनी शासकीय ईमेल-आईडी से अन्य अधिकारी को फाइलें भेज सकेंगे और वरिष्ठ अधिकारी से अनुमोदन भी ऑनलाइन ही प्राप्त किया जा सकेगा। ई-आफिस सिस्टम से समय और पेपर दोनों की बचत होगी। इस सिस्टम से शासकीय कार्यप्रणाली में गति एवं पारदर्शिता आयेगी, फाइल की हेराफेरी एवं काट-छांट की गुंजाइश समाप्त होगी। फाइल के बनने से लेकर व किस स्थिति में है ई-ऑफिस से ऑनलाइन देखा जा सकेगा साथ ही संबंधित अधिकारी-कर्मचारी को काम तय समयसीमा में करना होगा।

# बहन की विदाई होने से पहले भाइयों की उठी अर्थी



### नदी में डूबे दो मौसेरे भाई, लौर थाना के कनकेसरा गांव में हुई हृदय विदारक घटना

**मऊगंज।** मऊगंज जिले लौर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां बहन की विदाई से पहले दो भाईयों की अर्थी उठ गई। इससे शादी की खुशियां मातम में बदल गई। हादसा लौर थाना क्षेत्र के कनकेसरा गांव में हुआ। लौर थाने के कनकेसरा गांव निवासी कमलेश सेन के घर में बेटी की शादी थी। शुक्रवार को बेटी की बारात आई थी। इसमें सामिल होने के लिए उनके रिश्तेदार भी आए थे। बताया गया कि नदी से मिट्टी निकाली गई थी, जिससे बीस से पच्चीस फिट गहराई में बच्चे समा गए और उनकी जान चली गई। ग्रामीणों ने बताया कि बिछिया नदी में कई वर्ष पहले मिट्टी खुदाई का कार्य पंचायत द्वारा कराया गया था। बरसात के साथ ही सप्लाई का भी पानी भी जिसके चलते उक्त गढ्ढे में प्रतिदिन जाता है और वहां हमेसा पानी भरा रहता है। शुक्रवार को अमन सेन पुत्र कमलेश सेन 8 वर्ष व पूरव सेन पिता स्व. विनोद सेन 10 वर्ष दोनों निवासी कनकेसरा खेलते खेलते नदी तरफ गए थे। आशंका जताई जा रही है कि खेलते खलते दोनों मासूम बच्चे नदी के गड्ढे में फिसल गए जहाँ डूबने से दोनों की की जान चली गई। बताया जा रहा है कि कमलेश सेन के घर में शादी समारोह था जिससे घर के सदस्य तैयारियों में व्यस्त थे, जब शुक्रवार की देर शाम तक बच्चे नहीं दिखे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरु की। बच्चों की तलाश पूरी रात परिजन करते रहे अंतत सुबह पांच बजे उक्त गढ्ढे में बच्चों की लाश उतराती दिखी। मासूम बच्चों का शव देख पूरे गांव में मातम फैल गया और सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद मौके पर पुहुंची लौर पुलिस ने पंचनामा पीएम कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौप दिया है, वहीं इस हृदय विदारक घटना से परिजनों का रो रोकर बुराहाल था।

#### दुल्हन की विदाई रुकी

घटना के बाद वैवाहिक कार्यक्रम रोक दिया गया। विवाह की रस्में अदा हो चुकी बी, दुल्हन की विदाई होना शेष थी। मौत के बाद दुल्हन की विचाई रुक गई और बारात को रवाना कर दिया गया।

# 42 डिग्री के पार हुआ तापमान, दोपहर में बाजार की सड़कों पर पसर गया सन्नाटा

### अस्पतालों में मरीजों की बढ़ी संख्या

**रीवा।** जिले में पिछले तीन दिन से गर्मी अपने तेवर दिखा रही है। शुक्रबार की तरह शनिवार को भी तापमान 39 डिग्री के पार रहा। लोग तेज तपन और गर्मी से बेहाल रहे। जिसका असर बाजार में भी देखने को मिला। शादी-ब्याह के सीजन में भी शहर की प्रमुख सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। आने वाले दिनों में हीटवेव का अलर्ट भी जारी किया गया है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, अप्रैल के महीने में तापमान में वृद्धि सामान्य है, लेकिन इस वर्ष यह वृद्धि अपेक्षाकृत अधिक देखी जा रही है। हीटवेव की स्थिति में दिन के साथ साथ रात का तापमान भी सामान्य से अधिक रहता है, जिससे लोगों को अधिक गर्मी का सामना करना पड़ता है। अप्रैल महीने में कई बार तापमान 40 डिग्री के आसपास रहा है, इसी बीच हल्की बारिश और ठंड हवाओं की वजह से से गर्मी से राहत मिलती रही है। वही मौसम वैज्ञानिकों की माने तो आगामी दिनों में तापमान के और बढ़ने की आसार है। जिले में मौसम का रंग बदलता दिख रहा है। एक तरफ रात को मौसम में ठंडक आ जाती है तो दूसरी तरफ तापमान बढ़ने के साथ हीटवेव का असर देखने को मिल रहा है। शनिवार को अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आगामी दो दिन तक तापमान में भी 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि की संभावना है। हालांकि इसके बाद फिर एक बार तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट की संभावना जताई गई। आने वाले दिनों में पश्चिमी विक्षोभ के असर से रीवा और शहडोल संभाग में बादल छा सकते हैं और कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है। अनुमान है कि अप्रैल के आखिरी सप्ताह में तापमान 42 से 44 डिग्री तक जा सकता है। इस दौरान दिन के साथ ही रात में भी उमस बढ़ सकती है।

#### अस्पतालों में मरीजों की बढ़ी भीड़

तेज तपन के थपेड़ों को झेल रहे प्रकृति में इसका प्रतिकूल असर दिखायी देना शुरू हो गया है। लोग सामान्य से लेकर गंभीर बीमारी की चपेट में आने लगे हैं। अस्पतालों में भीड़ तेज हो गयी है, जिनमें डायरिया और बुखार के मरीजों की संख्या ज्यादा है। अस्पतालों में उल्टी-दस्त और तपती देह वाले मरीजों की भीड़ है। रीवा में डायरिया के 196 शिकार और बुखार के 222 मामले अस्पताल में दर्ज हुए हैं। चिकित्सकों ने परामर्श दिया है कि पानी को उबाल कर पिए, बासी और हैवी भोजन ना करे, दिन में तेज धूप लू से बचने के लिए सफेद कपड़े पहने और सिर पर रूमाल या टॉवेल ढक कर निकले।





#### दोपहर में गर्मी से दुकानदारी चौपट, बाजारों में पसरा सन्नाटा

तेज धूप और भीषण गर्मी अब परेशान करने लगी है। आसमान से आग बरसने से धरती तपने लगी है, जिससे जनजीवन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इंसान ही नहीं, पशु-पक्षी भी गर्मी से बेहाल होने लगे हैं। चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं के थपेड़ों से दिन भर लोग झुलसते रहे। दोपहर मे सड़कों और बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। गर्मी से परेशान राहगीर पेड़ों के नीचे जगह तलाशते नजर आए। बढ़ती गर्मी की वजह से लोगों के काम-धंधे व दुकानदारी चौपट होकर रह गई है। सड़कें सूनी और बाजारों में भी सन्नाटा पसरा है। वही शाम होते ही हल्की ठंडी हवाओं चलने से बाजार में रौनक आई, सुबह दोपहर से ज्यादा शाम में लोग बाजार खरीदी के लिए निकल रहे हैं।

#### गर्मी बढ़ने से टोटी लगे सुराही लोगों की पहली पसंद

गर्मी बढ़ते ही देसी फ्रिज यानी मिट्टी के मटके और सुराही की मांग बढ़ गयी है. मार्केट में टोली वाले सुराही कीमत 200 से 500 रुपये तक है. वहीं मटके की कीमत 150 से 250 रुपये तक है. सिरमौर चौराहे से आगे ओवर ब्रिज के पास स्थित कुंहार सोनू ने बताया कि टोटी लगे मटके लोगों की पहली पसंद है. वहीं लोग प्लास्टिक के बजाये मिट्टी का उपयोग कर रहे हैं. यही कारण है कि मिट्टी के बने मटके की मांग बढ़ी है।

# पत्नी का घर लेट आना पति को गुजरा नागवार, दुपट्टे से घोंट दिया गला

## लाश को कमरे में बांधकर बाहर से बंद कर दिया था ताला, दुर्गंध आने पर हुआ घटना का खुलासा

**रीवा।** रीवा में एक दिन पूर्व हुई नाबालिक पत्नी की हत्या का पुलिस ने महज 24 घंटे के अंदर पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने नाबालिक पत्नी की हत्या के आरोप में उसके पति को गिरफ्तार किया है, जिसने दुपट्टे से गला घोंट कर हत्या करना स्वीकार किया, पुलिस के खुलासे में हैरानी की बात तो यह है कि जिस आरोपी युवक ने नाबालिक पत्नी से प्रेम विवाह रचाया था, वह शादी के चंद महीन बाद से ही उसके चरित्र पर संदेह करने लगा और पत्नी के लेट घर आने पर उसने इस पूरी घटना को अंजाम दे डाला। दरअसल



नाबालिग पत्नी की हुई हत्या का खुलासा रविवार को शहर की नगर पुलिस अधीक्षक शिवाली चतुर्वेदी ने किया है। बताया गया कि एक दिन पूर्व बिछिया थाना क्षेत्र स्थित कुठुलिया में किराए के मकान में रहने वाले सैफ खान के कमरे से दुर्गंध आने की सूचना पुलिस को दी गई थी। बिछिया पुलिस जब मौके पर पहुंची तो कमरे का ताला बाहर से बंद था और अंदर से दुर्गंध आ रही थी। पुलिस ने तुरंत मौके पर एफएसएल और फिंगर एक्सपर्ट की टीम को बुलाया, जहां ताले को तोड़कर पाया गया कि कमरे के भीतर एक महिला की लाश पड़ी हुई है। बताया गया की लाश किसी और कि नहीं बल्कि किराए से रहने वाले मोहम्मद सैफ की पत्नी जास्मीन उर्फ उल्फत जहां की है। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर पाया गया कि यह कमरा बीते 24 घंटे से बंद था और कमरे में रहने वाला सैफ गायब है। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होने पर पुलिस ने प्राथमिक की रिपोर्ट दर्ज कर शव को जहां पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया तो वहीं आरोपी की पता तलाश में जुट गई, जिसे पुलिस ने सिलपरा बाईपास के समीप घेराबंटी कर गिरफ्तार कर लिया0पुलिस के मुताबिक आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने तकरीबन एक से डेढ़ वर्ष पूर्व नाबालिक पत्नी के साथ प्रेम विवाह रचाया था। बताया गया कि आरोपी की पत्नी जासमीन शहर के ही एक कपड़ा दुकान में काम करती थी और अक्सर दुकान के काम के चलते वह घर पर लेट आई थी। यह बात पति को नागवार गुजर रही थी और इसी बात को लेकर अक्सर दोनों के बीच झगड़ा भी होता था।बताया गया की घटना दिनांक 18 अप्रैल की सुबह दोनों के बीच इसी बात को लेकर विवाद हुआ, तभी आरोपी पति ने दुपट्टे से पत्नी का गला घोट दिया जिस दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद आरोपी लाश को कमरे ही छोड़ कर बाहर से ताला बंद कर फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने इस पूरी वारदात को अकेले ही अंजाम दिया, जिसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त दुपट्टा और कमरे की चाबी बरामद कर ली गई है। फिलहाल आरोपी के विरुद्ध पत्नी की हत्या करने के आरोप में प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# पुलिस ने गौ तस्करों को पकड़ा, आधा सैकड़ा गौ वंशों को कराया गया मुक्त

### गौ सेवा समिति के सदस्यों के सहयोग से गुढ़ पुलिस ने की कार्यवाही

**रीवा। जिले के गुढ़ थाना पुलिस मुखबिर की सूचना पर दबिस देकर गौ तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बता दे गौ सेवा समित के सदस्यों ने सूचना दी कि क्षेत्र में गौवंश को क्रूरता पूर्वक बांधकर रखा गया है, जिन्हे तस्कर अन्यत्र स्थान में ले जाने वाले है।**

सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीन गौ तस्करों को पकड़ा साथ ही आधा सैकड़ा गौवंशो को उनके कब्जे से मुक्त कराया। वही पूरे मामले में पुलिस ने पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर कार्यवाही की है। बताया गया कि गुढ़ तहसील के समीप बीती रात्रि गौ सेवकों को मुखबिर से सूचना मिली कि गौ तस्कर कई गौवंशों को एकत्रित कर रहे हैं और उनका मुंह और पैर रस्सी से बांधे हुए है। जब अखिल भारतीय गौ सेवा समिति के सदस्य पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे तो तस्कर भयभीत होते हुए वहां से तस्कर भागने का प्रयास किया जिन्हें गुढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, गुढ़ पुलिस तीनों आरोपियों को थाने ले गई। पकड़े गए आरोपियों में अली मोहम्मद पिता हजरत मोहम्मद,रामचरित्र यादव पिता बृजलाल यादव, फरीद खान पिता मुल्ला खान उम्र 34 वर्ष तीनों निवासी बारी थाना चुरहट जिला सीधी शामिल है, जिन्हे पुलिस ने न्यायालय में पेश कर दिया है। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### टीएल बैठक आज

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 21 अप्रैल को टीएल बैठक का आयोजन किया गया है। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित बैठक में सभी जिला प्रमुखों, एसडीएम, सीईओ जनपद तथा तहसीलदारों की उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं। बैठक में सभी तहसीलदार अमृत सरोवरों व बलराम तालाबों की प्रविष्टि पूर्ण कर खसरों की भौतिक प्रति के साथ उपस्थित रहेंगे।

## शहर में अवैध निर्माण को रोकने के संबंध में सीएमओ से की गई शिकायत

**मऊगंज।** जिले के हनुमना नगर परिषद के सगरा कला वार्ड क्रमांक 8 मे अवैध निर्माण का मामला सामने आया है। नगर के आधा दर्जन से अधिक लोगों ने सीएमओ को शिकायती पत्र दिया गया है। सगरा कला पहुँच मार्ग के किनारे रमाशंकर गुप्ता हाल मुकाम सगरा कला वार्ड क्रमांक 08 मे भवन निर्माण कर रहे है जो कि अपने भवन का छज्जा एवं गेट नाली के किनारे होने से रोड मे खुल रहा है जबकि राजस्व रिकार्ड मे ग्राम सगरा कला पहुंच मार्ग का रास्ता एक जरीब चौड़ा है किन्तु सडक के दाहिने तरफ नाली बना ली गई थी जिसका विरोध पूर्व मे किया गया था और अब नाली के किनारे तक रमाशंकर गुप्ता के द्वारा मकान बनाया जा रहा है जो कि सरकारी भूमि है भविष्य मे यदि सगरा कला मे पाईप लाईन का विस्तार नाली चौड़ीकरण का कार्य भविष्य में गैस पाईप लाईन, विद्युत पोल लगाने की जरूरत पड़ेगी तो उसके लिए जगह नही बच रही है जिसके कारण समस्त सगरा कला निवासी इन सभी सुविधाओं से वंचित रह जायेगें।जिससे तत्काल रूप से निर्माणाधीन मकान का कार्य बन्द करवाकर राजस्व अधिकारी से उनके पट्टे की जमीन में ही भवन बनाये जाने के लिए आदेशित करें। ताकि उस मार्ग पर स्थित सगरा कला के वासियों को भी इन सुविधाओं का लाभ मिल सके एवं मार्ग सुगमता पूर्वक चलता रहे। नगर में हो रहे निर्माण की न परमिशन ली गई है वही नगर के लोगों के द्वारा संबंधित अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं वहीं निराकरण करने की मांग की गई है।



# बीहर नदी किनारे युवक लहूलुहान मिला, इलाज के दौरान मौत

### परिजनों ने हत्या की जताई आशंका, सिविल लाइन पुलिस कर रही जांच

**रीवा।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में गंभीर हालत में मिला, जिसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान विकास यादव उम्र 22 के रूप में हुई है। युवक का शव बीहर नदी के पास मिला, जहां उसकी स्कूटी भी लावारिस हालत में खड़ी थी।

युवक के शरीर पर चोट के गंभीर निशान पाए गए हैं, जिसे लेकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। बता दे सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद उसकी जान नहीं बच सकी। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे और शव देखकर आरोप लगाया कि विकास की चाकू से गोदकर हत्या की गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन थाना प्रभारी के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्पष्ट पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल घटनास्थल की बारीकी से जांच की जा रही है और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। परिजनों ने पुलिस प्रशासन से जल्द जांच कर दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है।